| योग पूर्व पृष्ठ | | पृष्ठ 3 के अंक | | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| — | + | 4 | = | 4 |

मध्यप्रदेश

प्रश्न - 1 का उत्तर

पश्चिमी विक्षोभ :-

भारत के पश्चिम से भूमध्य सागरीय जलवायु के साथ खम्भात की खाड़ी से जो मानसूनी हवाएँ चलती है जिसके कारण भारत मे शीत ऋतु मे वर्षा होती है। ये हवाएँ जेट स्ट्रीम की सहायता से भारत मे प्रवेश करती है इन्ही हवाओं को पश्चिमी विक्षोभ कहते है।

2

प्रश्न - 2 का उत्तर

प्राकृतिक वनस्पति :-

प्राकृतिक वनस्पति से आशय उस वनस्पति से है जो हमें प्रकृति के द्वारा प्राप्त हो इसमे पेड़-पौधे झाड़िया फल फूल आदि कई वनस्पतियाँ आती है जिनसे मनुष्य के जीवन मे एक बदलाव आया है क्योंकि इनसे जड़ी बूटियाँ भी प्राप्त होती है।

2

4

अंकों का योग

P.T.O

प्रश्न - 3 का उत्तर

हरित क्रांति :-

हरित क्रांति से आशय कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए चलाई गई क्रांति से है जो भारत मे सन् 1967 मे शुरू की गई थी। जिसका उद्देश्य कृषि मे उन्नत बीजो, उर्वरको, सिंचाई के साधनो, उपकरणों व मशीनों का प्रयोग कर उत्पादन को बढ़ाना है।

2

प्रश्न - 4 का उत्तर

विश्व के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश :-
→ 1) चीन
→ 2) भारत

2

प्रश्न - 5 का उत्तर

• छोटा नागपुर का पठार तथा दामोदर घाटी औद्योगिक समूह को भारत का रूर कहा जाता है क्योंकि यहाँ खनिज संपदा, सिंचाई साधन, उद्योग, कच्चामाल आदि विपुल मात्रा मे है।

2

BSEMP

6
पृष्ठ के अंकों का योग

5 | 10 + 3 = 13

## प्रश्न - 6 का उत्तर

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार :-

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से आशय ऐसे व्यापार से है जिसमें दो या दो से अधिक राष्ट्र एक राष्ट्र से दूसरे राष्ट्र से व्यापार करते हैं। जिसमें आयात व निर्यात दोनो होता है। भारत भी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भाग लेता है। और कई राष्ट्रों के साथ व्यापार करता है।

## प्रश्न - 7 का उत्तर

समुद्री एवं महाद्वीपीय जलवायु में अंतर

| अंतर का आधार | समुद्री जलवायु | महाद्वीपीय जलवायु |
|---|---|---|
| 1) उद्गम स्थल | समुद्री जलवायु की उत्पत्ति समुद्र से होती है | महाद्वीपीय जलवायु की उत्पत्ति महाद्वीप से होती है। |
| 2) जल की मात्रा | समुद्री जलवायु में जल की मात्रा अधिक होती है | महाद्वीपीय जलवायु में जल की मात्रा कम होती है |
| 3) प्रकृति | समुद्री जलवायु ठंडी प्रकृति की होती है | महाद्वीपीय जलवायु गर्म प्रकृति की होती है |

BSEMP

3

पृष्ठ के अंकों का योग

प्रश्न - 8 का उत्तर

उष्ण कटिबंधीय सदाबहार वनों की तीन विशेषताएँ :-

1) ये वन सदा हरे भरे रहते है।
2) इन वनों की लकड़ियाँ मजबूत होती है
3) इन वनों मे वार्षिक वर्षा औसतन 200 cm. से अधिक होती है।
4) ये वन अत्यंत सघन होती है जिसमे आसानी से प्रवेश नही किया जा सकता
5) ये वन डेल्टाई प्रदेशो मे पाये जाते है।

3

B S E M P

---

प्रश्न - 9 का उत्तर

"भारतीय कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है।" यह कथन सत्य है भारत कृषि प्रधान देश है यहाँ पर एक तिहाई लोग कृषि व्यवसाय करते है पर यहाँ सिंचाई के साधनों का अभाव है मानसून अनिश्चित है कब आये। मानसून कभी जल्दी आ जाता है कभी देर से आता है कभी कभी बीच मे रुक कर कई दिनों बाद

3

वर्षा होती है। कभी कभी वर्षा न होने से सूखे की स्थिति बन जाती है कभी अत्यधिक वर्षा होने से बाढ़ की स्थिति आ जाती है इस तरह जुआ जैसे इसमें भी अनिश्चितता बनी रहती है। वर्षा अच्छी होती है तो फसल ठीक हो जाती है वरना भारतीय किसान को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

(3) इस तरह कह सकते हैं कि भारतीय कृषि को मानसून का जुआ कहा जाता है।

प्रश्न - 10 का उत्तर

प्रदेश :-

प्रदेश से तात्पर्य ऐसे विशिष्ट विस्तृत भाग से है जो अपनी जलवायु, व्यवसाय, संस्कृति, जनता के आधार पर, कृषि व खनिज के आधार पर अलग से पहचाना जाये प्रदेश कहलाता है।

प्रदेश निर्माण के आधार :-

प्रदेश निर्माण के आधार कई है जैसे—

1) जलवायु :-

प्रदेश निर्माण में जलवायु विशिष्ट

BSEMP

3

पृष्ठ के अंकों का योग

होनी चाहिए

2) संस्कृति :-
प्रदेश विशेष या क्षेत्र विशेष की संस्कृति स्पष्ट होनी चाहिए।

3) व्यवसाय -
क्षेत्र के लोगों का व्यवसाय अलग पहचान रखना चाहिए।

4) पहनावा -
क्षेत्र के लोगों का पहनावा अलग से पता चलना चाहिए। इस तरह प्रदेश निर्माण के कई आधार हैं।

B S E M P

प्रश्न - 11 का उत्तर
मुंबई महानगरीय प्रदेश की प्रमुख समस्याएँ:
मुंबई एक महानगर है समय के साथ वहाँ कई समस्याएँ दिखाई देने लगी हैं। कुछ समस्याएँ निम्न हैं—

P. T. O

3

पृष्ठ के अंकों का योग

1. जनसंख्या वृद्धि की समस्या :-

मुंबई महानगर की जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। जिसके कारण नगर वासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

2.) आवास की समस्या :-

मुंबई महानगर मे जनसंख्या इस कदर बढ़ गई है कि अब वहाँ आवास की समस्या हो गई है। मकान मँहगे हो गये है।

3) परिवहन की समस्या :-

मुंबई महानगर मे जनसंख्या के बढ़ने के कारण परिवहन की समस्या बढ़ गई है बसो, गाड़ियों में अच्छी खासी भीड़ देखी जा सकती है।

4) झुग्गी - झोपड़ियों का विकास :-

मुंबई महानगर मे आवास की समस्या के कारण गंदी झुग्गी - झोपड़ियों का विकास हो रहा है।

इसके अतिरिक्त जल की समस्या, गंदगी को फेंकने जैसी कई समस्याएँ है।

BSEMP

प्रश्न - 12 का उत्तर

उद्योगों के स्थानीयकरण में कच्चेमाल एवं यातायात की सुविधाएँ :-

उद्योगों के स्थानीयकरण के लिए कई कारक उत्तरदायी रहते हैं जैसे कच्चामाल, शक्ति के साधन, जल विद्युत, बाजार की सुविधा, यातायात के साधन आदि। इनमें से कच्चेमाल एवं यातायात की सुविधाएँ किस प्रकार से उद्योगों के स्थानीयकरण के लिए सहायक हैं अग्रलिखित हैं :-

कच्चामाल :-
उद्योगों के स्थानीयकरण में कच्चामाल अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जहाँ कच्चामाल आसानी से प्राप्त होगा उद्योग वहीं स्थापित होंगे। जैसे सूती वस्त्र उद्योग के लिए गुजरात, महाराष्ट्र का क्षेत्र ठीक रहेगा क्योंकि यहाँ कपास की खेती अच्छी होती है।

यातायात की सुविधाएँ :-
उद्योगों के स्थानीयकरण के लिए यातायात की

BSEMP
—

सुविधा का अपना विशिष्ट स्थान है क्योंकि उद्योगों तक कच्चामाल लाना तथा तैयार माल को बाजार तक पहुँचाने का काम यातायात के साधन ही करते है। जैसे मुंबई में कई कारखाने है क्योंकि वहाँ से कई थल परिवहन, जलपरिवहन वायु परिवहन हर तरह की सुविधा उपलब्ध है।

(B)

---

प्रश्न - 13 का उत्तर

भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के उपाय :-

भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् से जनसंख्या बड़ी तीव्र गति से बढ़ी है इसे रोके जाने के लिए निम्न उपाय किये जा सकते हैं।

1) जन्मदर में कमी :-

भारत में जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए जन्मदर में कमी की जानी चाहिए जिससे जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगेगी।

2) शादी की निर्धारित आयु में वृद्धि :-

हमारे देश

3

मे विवाह के लिए जो लड़की की 18 वर्ष व लड़के की 21 वर्ष है उसे क्रमशः बढाकर 21 व 27 कर देनी चाहिए इससे भी जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगेगी।

3) शिक्षा का विकास :-

भारत में आज भी देश की आधी जनसंख्या अशिक्षित है जो नहीं जानती कि छोटे परिवार की अहमियत क्या है अतः लोगों को शिक्षित किया जाना आवश्यक है इसलिए शिक्षा का विकास किया जाये।

4) गरीबी को दूर करना :-

भारत में गरीबी के कारण लोग समझते है कि यह ईश्वर का दिया वरदान है जो आगे हमारी मदद करेगा अतः गरीबी को दूर करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

5) मनोरंजन के साधनों में बढोतरी :-

मनोरंजन के साधनों मे कमी के कारण भी जनसंख्या बढोतरी होती है मनोरंजन के साधनों को

BSEMP

28 + 8 = 36

माध्यम से उनका ध्यान इसकी ओर खींचना होगा।

इन निम्न उपायों के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सकता है।

(4)

---

प्रश्न - 14 का उत्तर

रेल परिवहन का महत्व :-

रेल परिवहन परिवहन का एक महत्वपूर्ण साधन है, रेल परिवहन का महत्व निम्न बिंदुओं से स्पष्ट किया जा सकता है।

1.) रेल परिवहन से देश के लगभग सभी बड़ी-बड़ी जगहों तक पहुँचा जा सकता है।

2) भारी मशीनरी, गाड़ियों, सामान आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने का काम रेले ही ठीक तरह से कर सकती है।

3) रेल परिवहन सस्ता, सुगम साधन है।

4) रेल परिवहन के माध्यम से सामान जो बसों के माध्यम से नहीं भेजा जा सकता वहां ले जा सकती है।

5) रेल परिवहन सुरक्षित परिवहन है।

(4)

8

---

प्रश्न - 15 का उत्तर

ग्रामीण बस्तियों की चार विशेषताएँ

1. छोटा आकार :-
ग्रामीण बस्तियाँ बहुत छोटी होती है जिनमे लगभग 100 मकान होते है तथा सभी पास-पास होते है।

2. सुविधाओं का अभाव :-
ग्रामीण बस्तियो मे सुविधा का अभाव होता है यहाँ आटा, दाल चाय की कुछ दुकाने हो सकती है।

3. परिवहन साधन का अभाव :-
ग्रामीण बस्तियों में परिवहन साधनों का अभाव होता है।

4. प्रशासनीक गतिविधि व शिक्षा का अभाव :-
यहाँ कोई प्रशासनिक इकाई नहीं होती तथा कोई स्कूल भी नहीं होता।

5) कुटिर उद्योग का आधिपत्य :-
यहाँ के लोग कुटिर उद्योग मे काम करते है जो घर पर ही चलाये जाते है।

BSEMP
पृष्ठ के अंकों का योग

6) क्रम का अभाव :-
ग्रामीण बस्तियों में मकान कच्चे होते है तथा कैसे भी बने रहते है कोई क्रम नही होता। कहीं सटे तो कहीं अलग - अलग होते है।

4

प्रश्न - 16 का उत्तर

भारत में सड़कों के विकास में मुख्य समस्याएँ :-

भारतीय सड़कों के विकास में मुख्य समस्याएँ निम्न है :-

1. भौगोलिक दशा :-
भारत में सड़कों के विकास में मुख्य समस्या यहाँ की भौगोलिक दशा है जिसमे कई पर्वत पहार है जिन पर सड़क बनाना खर्चीला कार्य है।

2. मरुस्थलीय भूमि :-
भारत में सड़कों के विकास मे दूसरी समस्या मरुस्थलीय भूमि है जिसमे सड़क बनाना मुमकिन नहीं है।

B S E M P

4
पृष्ठ के अंकों का योग

3) राजनीतिक दशा :-
यहाँ पर राजनीति मे परिवर्तन होता रहता है जिससे सड़कों के विकास मे कुछ कार्य होने पर सरकार बदलती है और कार्य वहीं रुक जाता है।

4) भ्रष्टाचार मे बढ़ोतरी :-
इस समय देश मे भ्रष्टाचार सिर चढ़ कर बोल रहा है जिसके कारण सड़क विकास मे लगने वाला पैसा भ्रष्टाचारीयो के हाथ मे चला जाता है।

प्रश्न - 17 का उत्तर

"तराई क्षेत्र मे भूमि उद्धार से आर्थिक विकास तो हुआ, परन्तु पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।"
तराई क्षेत्र मे भूमि उद्धार जब हुआ जब पाकिस्तानी शरणार्थी भारत आये उनके यहाँ आने पर सरकारी संरक्षण मिलने के कारण इस भूमि मे सुधार कर वनों की कटाई कर भूमि को कृषि योग

BSEMP

4
पृष्ठ के अंकों का योग

बनाया जिससे कृषि का बहुत विकास हुआ जिससे आर्थिक विकास हुआ और लोगों ने सुविधा संपन्न जीवन जीना शुरू किया।

परन्तु पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा क्योंकि इसके कारण यहाँ निम्न समस्याएँ उत्पन्न होगई :

1) बाढ़ की समस्या :-

तराई प्रदेश में वनों की कटाई के कारण पानी जमीन मे नहीं जा सका जिसके कारण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो गई।

2) रोगो का प्रकोप :-

तराई प्रदेश मे जनसंख्या बढ़ने से वहाँ शुद्ध पेयजल का अभाव हुआ और रोगों का प्रकोप बढ़ गया। मलेरिया आदि बीमारियाँ आये दिन होने लगी।

3) कॉस की समस्या :-

तराई प्रदेश मे एक घास कॉस की बढ़ोतरी के कारण कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ा।

BSEMP

पृष्ठ के अंकों का योग

4) भूमि का घटता जल स्तर -

वनों की कटाई के कारण बाढ़ आने से जल समान बह जाता तथा भूमि का जल स्तर घटता जा रहा है।

इस तरह यह स्पष्ट है कि तराई क्षेत्र में भूमि उद्धार से आर्थिक विकास तो हुआ, परन्तु पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

---

प्रश्न - 18 का उत्तर

मुम्बई हाई :-

मुम्बई हाई एक तेल परिष्करण शाला है जहाँ से पेट्रोलियम निकाला जाता है। इसकी खोज सन् 1973 में की गई थी तथा तेल निकालना सन् 1976 में शुरू किया गया। यह भारत में मुम्बई के उत्तर - पश्चिम में अरब सागर में 176 km. दूर स्थित है।

मुम्बई हाई की प्रसिद्धि का कारण :-

मुम्बई हाई की प्रसिद्धि का कारण यह है कि यहाँ से

B S E M P

3

देश का दो तिहाई तेल निकाला जाता है तथा मुम्बई हाई से तेल निकालने के लिए सागर - सम्राट नाम के उपकरण का उपयोग किया जाता है जो समुद्र की तली में छेद कर के तेल निकाल है तथा तेल मुम्बई तट तक पाइप लाईन द्वारा लाया जाता है

"देश की अर्थव्यवस्था में इसका योगदान

देश की अर्थव्यवस्था में मुम्बई हाई का योगदान महत्वपूर्ण है। इसके महत्व को निम्न बिन्दुओं के माध्यम से स्पष्ट किया जा सकता है।

1. देश का दो तिहाई पेट्रोलियम हमें यहाँ से प्राप्त होता है जो देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

2. देश की एक अरब से ज्यादा जनसंख्या के लिए पेट्रोल यहीं से मिलता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है।

3. देश की अर्थव्यवस्था में इसके निर्यात से विदेशी मुद्रा मिलती है

इस तरह देश की अर्थव्यव

मे यह महत्वपूर्ण योगदान देता है।

प्रश्न - 19 का उत्तर

अहमदाबाद को भारत का मानचेस्टर कहा जाता है -

जिस तरह मानचेस्टर नगर में दुनिया की सबसे ज्यादा वस्त्र कारखाने है उसी तरह अहमदाबाद में भारत की सबसे ज्यादा वस्त्र की मीले है इसलिए इसे भारत का मानचेस्टर कहा जाता है।

अहमदाबाद को मानचेस्टर की उपमा दिये जाने के लिए निम्न कारण उत्तरदायी है।

1. कच्चे माल की उपलब्धता :-

अहमदाबाद मे वस्त्र के कारखाने होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि यहाँ गुजरात व महाराष्ट्र मे कपास बड़ी मात्रा मे है इस तरह कपास जैसा कच्चामाल कारखानों को आसानी से मिल जाता है।

P.T.O

5

पृ. के अंकों का योग

(21) योग पूर्व पृष्ठ 53 + पृष्ठ 21 के अंक — = कुल अंक 52

2.) सिंचाई के साधन

2) शक्ति के साधन :-
कोयले की खानों से कोयला व इंदिरा नहर व नर्मदा नदी होने के कारण जल विद्युत के रूप में आसानी से मिल जाती है।

3) परिवहन की सुविधा :-
अहमदाबाद के नजदीक ही कांदला बंदरगाह है जिससे आयात निर्यात की सुविधा रहती है तथा देश के अंदर भी रेल व सड़कों का जाल बिछा है जिससे सामान लाने व ले जाने की सुविधा हो जाती है।

4) बाजार की निकटता :-
अहमदाबाद के निकट कई बड़े शहर होने बाजार पास से ही उपलब्ध रहता है जिससे ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ता।

5) श्रमिकों की उपलब्धता :-
अहमदाबाद के आसपास घनी जनसंख्या होने से श्रमिक

BSEMP

पृष्ठ के अंकों का योग

22 [handwritten score boxes]
योग पूर्व पृष्ठ + पृष्ठ 22 के अंक = कुल अंक

आसानी से मिल जाते है।
इस तरह निम्न
कारणों के कारण अहमदाबाद मे काई मील
है और इसीलिए ही इसे मानचेस्टर कहा
जाता है क्योंकि यहाँ देश की सर्वाधिक
मीले है।

प्रश्न - 20 का उत्तर
छोटा नागपुर के पठारी क्षेत्र मे लोह-इस्पात
उद्योग के केन्द्रित होने के कारण -

1. कच्चे माल की उपलब्धता :-
छोटा नागपुर
के पठारी क्षेत्र मे लौह इस्पात उद्योग के
केन्द्रित होने का सबसे पहला कारण
है कच्चा माल के रूप मे लौहा पठारी
भागों से प्राप्त हो जाता है।

2. शक्ति के साधन :-
छोटा नागपुर के
पठारी क्षेत्र मे शक्ति के साधन के रूप
मे कोयला रानीगंज झरिया से प्राप्त
होता है जो कि निकट ही है।

BSEMP

3. परिवहन की सुविधा :-

छोटानागपुर के पठारी क्षेत्र में परिवहन के साधन के रूप में रेल व सड़कों का जाल बिछा है, तथा पास ही कोलकाता बंदरगाह से विदेशी व्यापार में भी सुविधा है।

4) बाजार की निकटता :-

छोटा नागपुर के पठारी क्षेत्र में पास ही बड़े बड़े शहर के कारण लौह इस्पात के लिए बड़े बड़े बाजार उपलब्ध है। इस तरह यहाँ लौह इस्पात उद्योग के केन्द्रित होने का एक कारण यह भी है।

5) श्रमिकों की उपलब्धि :-

किसी भी उद्योग को चलाने के लिए श्रमिकों का होना बहुत आवश्यक है। छोटानागपुर में लौह इस्पात उद्योग के केन्द्रित होने का ~~कारण~~ एक कारण यह भी है कि यहाँ जनसंख्या अधिक होने के कारण श्रमिक बड़ी मात्रा में है।

इन निम्न कारणों के कारण ही लौह इस्पात उद्योग यहाँ केन्द्रीत है।

BSEMP

5
पृष्ठ के अंकों का योग

केन्द्र क.

# INDIA भारत ਭਾਰਤ

प्रश्न-22 का उत्तर



प्रश्न - 21 का उत्तर

उत्तरी भारत एवं दक्षिणी भारत की नदियों मे तुलना

| अंतर का आधार | उत्तरी भारत की नदियाँ | दक्षिणी भारत की नदियाँ |
|---|---|---|
| 1) उद्गम स्थल | उत्तरी भारत की नदियाँ हिमालय से निकलती हैं | दक्षिणी भारत की नदियाँ दक्षिण पठार से निकलती हैं |
| 2) सदावाहिनी | उत्तरी भारत की नदियाँ सदा वाहिनी हैं | ये नदियाँ ग्रीष्म ऋतु मे सुखने लगती हैं |
| 3) उथली व गहरी | उत्तरी भारत की नदियाँ गहरी होती हैं | दक्षिणी भारत की नदियाँ उथली होती हैं |
| 4) परिवहन सुविधा | उत्तरी भारत की नदियाँ गहरी होने के कारण परिवहन सुविधा हैं | ये नदियाँ उथली होती हैं इस कारण परिवहन सुविधा नहीं हैं |
| 5) कृषि में उपयोग | इन नदियों का जल कृषि मे उपयोग हो जाता है | इन नदियों में जल कम होने से कृषि में उपयोग नहीं हो पाता |
| 6) प्रमुख नदी | उत्तरी भारत की नदियाँ गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी, यमुना हैं | दक्षिण भारत की नदियों में गोदावरी, कृष्णा, कावेरी आदि हैं |

5

71/75